उत्तराखंड में चाइल्ड स्टंटिंग के मामलों में 7% की कमी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के पाँचवे दौर की राष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड में स्टंटिंग में 7% की उल्लेखनीय कमी दर्ज़ की गई है।

प्रमुख बिंदु

- पिछले चार वर्षों में भारत में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग का स्तर 38 से घटकर 36 प्रतिशत हो गया है।
- 2019-21 में शहरी क्षेत्रों (30%) की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों (37%) में बच्चों में अधिक स्टंटिंग पाई गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों में स्टंटिंग पुडुच्चेरी में सबसे कम (20%) और मेघालय में सबसे ज्यादा (47%) पाई गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और सिक्किम में स्टंटिंग में 7% की कमी जबकि झारखंड, मध्य प्रदेश और मणिपुर में 6 प्रतिशत तथा चंडीगढ़ और बिहार में 5 प्रतिशत की कमी दर्ज़ की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/7-reduction-in-child-stunting-cases-in-uttarakhand